Result Mitra Daily Magazine

सतत विकास लक्ष्यों की स्थिति

- हाल ही में संयुक्त राज्य की वार्षिक रिपोर्ट यूएन महासचिव **एंटोनियो गुटेरस** द्वारा जारी किया गया, जिसमें उन्होंने सतत विकास लक्ष्यों (SDG) के विकासात्मक क्रियान्वयन पर चर्चा की।

रिपोर्ट की मुख्य बातें -

- लगभग आधे SDG, न्यूनतम या मध्यम प्रगति दिखा रहे हैं, जबकि एक-तिहाई SDGs की प्रगति या तो स्थिर है या नकरात्मक है।
- रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ 17% लक्ष्य हासिल किये जाने की राह पर है।
- रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक शांति की सुनिश्चितता तय करने, जलवायु परिवर्तन का सही तरीके से सामना करने और अंतर्राष्ट्रीय वित्त प्रवाह को बढ़ावा देने में उत्पन्न बधाएं लक्ष्यों की प्रगति को कमजोर कर रही है।
- रिपोर्ट में कोविड-19 के प्रभावों का भी उल्लेख है।
- इसके अनुसार 2019 से 2023 के बीच अतिरिक्त 23 मिलियन लोग अत्यधिक गरीबी में चले गए, जबकि 100 मिलियन से ज्यादा लोग भूखमरी से पीड़ित है।
- गुटेरस ने कहा कि अभूतपूर्व धन, ज्ञान एवं प्रोद्योगिकी की इस दुनिया में इतनी बड़ी आबादी का बुनियादी सुविधाओं से वंचित होना अपमानजनक है।
- इस सदी में पहली बार ऐसा हुआ है, जब दुनिया के आधे आर्थिक रूप से कमजोर देशों की आर्थिक वृद्धि दर विकसित अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में धीमी है।
- 2022 के 60% से अधिक देशों को मध्यम से असमान्य रूप से उच्च खाद्य कीमतों की महँगाई का सामना करना पड़ा।
- दुनिया भर में केवल 58% छात्र न्यूनतम दक्षता प्राप्त कर पा रहे हैं।
- लैंगिक असमानता बढ़ती जा रही है और लगभग 20% लड़कियों की शादी 18 वर्ष से पहले हो रही है।

Result Mitra

- महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा जारी है और बहुत सारी महिलाओं को यौन एवं प्रजनन संबंधी मामले में निर्णय लेने का अधिकार नहीं है।
- वर्तमान स्थिति के अनुसार महिलाओं को प्रबंधन पदों पर पहुँचने के मामले में पुरुषों की बराबरी करने में 176 वर्ष लगेंगे।

सकारात्मक बातें -

- मोबाइल ब्रॉड बैंड की पहुंच दुनिया की 95% आबादी तक है।
- 2015 में यह पहुँच मात्र 78% थी।
- पिछले 5 वर्षों में अक्षय ऊर्जा की वैश्विक क्षमता 8.1% प्रति वर्ष की दर से बढ़ रही है।
- पिछले 30 वर्षों में स्वास्थ्य सुविधा विकसित होने से 20.8 मिलियन एड्स मरीज मौत से बचे हैं।
- मलेरिया के टीके से लाखों लोगों की जान बच रही है।
- शिक्षा क्षेत्र में लड़कियां, लड़कों की बराबरी कर रही है।

प्रगति पर ब्रेक -

- गाजा, यूक्रेन, सूडान सहित अन्य देशों की युद्धक स्थिति को समाप्त कर विनाश और युद्ध में खर्च किए जा रहे धन को लोगों की कुशल जीवन के लिए निवेश किया जाना चाहिए।
- जलवायु परिवर्तन से बचने के लिए हरित और डिजिटल बदलाओं पर ध्यान देना चाहिए।
- विकासशील देशों को SDG प्राप्त करने के लिए वार्षिक रूप से जितनी निवेश चाहिए, उसमें 4 ट्रिलियन डॉलर की कमी है
- यूएन महासचिव ने संसाधनों के उचित वितरण करने, ऋण दबावों एवं ऋण सेवा लागत को करने, नकदी प्रवाह को बढ़ाने एवं आकस्मिक वित्त पोषण का विस्तार करने के लिए विश्व बैंक सहित अन्य विकास बैंकों को प्रयास किए जाने के लिए आहवान किया।

सतत विकास लक्ष्य

- वर्ष 2015 में UN की 17 वीं बैठक में 2030 तक प्राप्ति के लक्ष्य के साथ 17 SDG तथा 169 उप लक्ष्यों की घोषणा की गई

- बर्टलैंड कमीशन (1987) की रिपोर्ट के अनुसार, भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने वाली क्षमताओं से समझौता किए बिना, वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति करना ही 'सतत विकास' है

17 SDGs निम्न हैं

Result Mitra

- गरीबी की पूर्णतः समाप्ति
- भुखमरी की पूर्णतः समाप्ति
- अच्छा स्वास्थ्य और अच्छा जीवन स्तर
- गुणवत्ता पूर्ण सबके लिए शिक्षा
- स्वच्छ और स्वच्छता तक सबकी पहुँच
- सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा
- अच्छा रोजगार एवं आर्थिक विकास
- उद्योग, नवाचार एवं विकसित बुनियादी ढांचा
- असमानता स्तर में कमी
- टिकाऊ शहर एवं सामुदायिक विकास
- जिम्मेदार रूप में उत्पादन एवं उपभोग
- जलवायु परिवर्तन कारवाई
- जल के नीचे जीवन
- स्थान पर जीवन
- शांति और न्याय स्थापित करने वाले संस्थान
- लक्ष्य प्राप्ति में सामूहिक सहभागिता

MDG

- सहस्त्राबदि विकास लक्ष्य (Milleniumdevlopment goals) की घोषणा UN महासभा द्वारा वर्ष 2000 में की गई थी।
- इसके अंतर्गत 2015 तक लक्ष्य प्राप्ति के सिद्धांत के साथ 8 लक्ष्य एवं 18 उपलक्ष्य निर्धारित किए गए थे

Result Mitra